एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग में जूनियर्स ने सीनियर्स को दी फेयरवेल पार्टी

अनुज थापा मिस्टर और श्वेता मिस फेयरवेल चुने गए

संस्थान में जो कुछ भी सीखा, उसे विद्यार्थी जिंदगी भर याद रखें : डायरेक्टर बग्गा

भास्कर न्यूज | जालंधर

फेयरवेल पार्टी में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग में एमबीए, बीबीए और बीकॉम आनर्स के फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने बहुत उत्साह के साथ इसमें हिस्सा लिया। स्टूडेंट्स ने नाचकर, गाने गाकर और गेम्स खेलकर बहुत इंजॉय किया। इसके बाद रैंप वाक की गई। जूनियर्स ने सीनियर्स को पार्टी दी और आने वाली लाइफ के लिए शुभकामनाएं दी। डॉयरेक्टर डॉ. राजेश बग्गा ने स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी और कहा कि उनको हर एक छात्र पर मान है कि उन्होंने एपीजे में समय बिताकर खुद को बेहतर बनाया है। उन्होंने भारी मन से छात्रों को अलविदा कहा और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा ने कि छात्रों ने एपीजे में जो भी सीखा, उसे जिंदगी भर याद रखें। उन्होंने कहा कि सफलता सिर्फ मंजिल तक पहुंचना ही नहीं होता, बल्कि वह सारा सफर भी सफलता ही है। इस दौरान उन्होंने जूनियर्स को पार्टी आर्गेनाइज करने के लिए भी बधाई दी। स्टूडेंट्स को विभिन्न टाइटल दिए गए। अनुज थापा को मिस्टर फेयरवेल और श्वेता को मिस फेयरवेल चुना गया।

Dainik Bhaskar 04 May2023

11:19 am ✓